

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### 16 सूत्रीय समस्याओं के समाधान को दिव्यांगों का धरना प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। नंदा देवी निर्धन दिव्यांग कल्याण एसोसिएशन ने अपनी 16 सूत्रीय मांगों के समाधान के लिए गांधी पार्क में धरना प्रदर्शन किया और कहा कि पूर्व में सिटी मजिस्ट्रेट ने समस्याओं के निस्तारण के आश्वासन के दिया गया लेकिन आज तक एक माह से अधिक समय होने के बाद भी किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई है जिससे दिव्यांगों में रोष बना हुआ है। वहीं उन्होंने कहा कि वेंडर जोन के लिए जगह उपलब्ध नहीं की जा रही है और इस बीच सिटी मजिस्ट्रेट व नगर आयुक्त से वार्ता के बाद सचिवालय कूच को स्थगित कर दिया गया।

### विजयवर्धन डंडरियाल ने विपिन शर्मा को भेजा नोटिस

**संवाददाता** देहरादून। देहरादून महानगर सिटी बस सेवा महासंघ के अध्यक्ष विजयवर्धन डंडरियाल देहरादून स्टेज कैरिज ऑपरेटर वेलफेयर एसोसिएशन के महामंत्री विपिन शर्मा द्वारा कूट रचित करके बार–बार मेरी छवि धूमिल किए जाने का प्रयास किया जा रहा है इनके द्वारा झूठे व मनगढ़ंत कहानियों द्वारा मेरे खिलाफ प्रेस में बयानबाजी की जा रही है को अपने अधिवक्ता शिवा वर्मा के माध्यम से नोटिस जारी कर 15 दिन में लिखित माफी मांगने को कहा गया है अन्यथा वह इसके बाद पूरी तरह से कानूनी कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र होंगें।

### भाजपा महानगर कार्यालय में किया ट्रैक्टर पूजन कार्यक्रम की शुरूआत

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश किसान मोर्चा के निर्देश पर महानगर किसान मोर्चा ने पूरे महानगर क्षेत्र में होने वाले ट्रैक्टर पूजन कार्यक्रम का शुभारंभ परेड ग्राउंड स्थित महानगर कार्यालय से किया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष सीताराम भट्ट ने पूजा अर्चना कर रवाना किया। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष सीताराम भटट ने कहा कि यह ट्रैक्टर पूजन कार्यक्रम अपने आप में एक मिसाल बनेगा। यह कार्यक्रम 10 अक्टूबर तक महानगर में प्रत्येक मंडल स्तर पर किया जायेगा।

### रियलमी ने अपने नए स्मार्ट लाईफस्टाईल प्रोडक्ट किये लांच

देहरादून। दुनिया के सबसे तेजी से विकसित होते हुए स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज नए स्मार्ट लाईफस्टाईल प्रोडक्ट लॉन्च करके अपनी साहसी कल्पना 'लीप टू नैक्स्ट जन' का प्रदर्शन किया। दुनिया के पहले एसलेड 4के – रियलमी स्मार्ट टीवी एसलेड 4के (55''), रियलमी 100 वॉट साउंडबार, रियलमी 7आई, दुनिया का सर्वश्रेष्ठ 64 मेगापिक्सल क्वाड कैमरा फोन एवं रियलमी 7 प्रो सन किस्ड एडिशन का अनावरण किया गया।

# 25–25 किलोवाट की 10 हजार परियोजनाएं की जाएंगी आवंटित

**शुभारम्भ**

■ मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के सभी लाभ मिलेंगे

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सचिवालय स्थित वीर चंद्र सिंह गढ़वाली सभागार मे आयेजित कार्यक्रम में सौर स्वरोजगार योजना का शुभारम्भ किया। योजना में 10 हजार परियोजनाएं पात्र आवेदकों को आवंटित किए जाने का लक्ष्य है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए वर्षवार और जिलावार लक्ष्यां का निर्धारण एमएसएमई के सहयोग से किया जा रहा है। इसमें एमएसएमई की मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के अंतर्गत अनुमन्य अनुदान और मार्जिन मनी व लाभ मिल सकेंगे। एमएसएमई के आनलाईन पोर्टल के माध्यम से इच्छुक पात्र व्यक्ति आवेदन कर सकते हैं। इसमें शैक्षिक योग्यता की कोई बाध्यता नहीं होगी। योजना का क्रियान्वयन उरेडा द्वारा किया जाएगा।

**परियोजना के तकनीकी मानकः** तकनीकी मानकों की जानकारी देते हुए बताया गया कि 25 किलोवाट क्षमता के संयंत्र आवंटित किए जाएंगे। इसके लिए लगभग 1.5 से 2 नाली भूमि की आवश्यकता होगी। 40 हजार रूपए प्रति किलोवाट की दर से कुल लागत लगभग 10 लाख रूपए सम्भावित है। राज्य में औसतन धूप की उपलब्धता के आधार पर 25 किलोवाट क्षमता के संयंत्र से पूरे वर्ष में लगभग 38 हजार यूनिट प्रतिवर्ष विद्युत उत्पादन हो सकता है। इस योजना के अंतर्गत यूपीसीएल द्वारा स्थापित 63 केवीए और इससे अधिक क्षमता के स्थापित ट्रांसफार्मर्स से पर्वतीय क्षेत्रों में 300 मीटर और मैदानी क्षेत्रों में 100 मीटर की हवाई दूरी तक सोलर पावर प्लांट आवंटित किए जाएंगे। इन ट्रांसफार्मर्स की सूची आनलाईन उपलब्ध कराई जा रही है। योजना के अंतर्गत आवंटित परियेजना से उत्पादित बिजली को यूपीसीएल द्वारा निर्धारित दरों पर 25 वर्षों तक खरीदी जाएगी। इसके लिए संबंधित लाभार्थी के साथ बिजली खरीद अनुबंध किया जाएगा।

**यूपीसीएल के साथ विद्युत क्रय अनुबंधः** लाभार्थी सहकारी या किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से ऋण ले सकता है। सहकारी बैंक द्वारा इस योजना के लिए 8 प्रतिशत की ब्याज दर पर 15 वर्षों के लिए ऋण दिया जाएगा। चयनित लाभार्थी को अपनी भूमि के भू–परिवर्तन के बाद मोर्टगेज करने के लिए लगने वाली स्टाम्प ड्यूटी पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। तकनीकी समिति द्वारा उपयुक्त पाए गए आवेदकों को परियोजना का आवंटन जिला स्तर पर करने के लिए जिलाधिकरी की अध्यक्षता में समिति बनाई गई है। पूरी प्रक्रिया में समय सीमा का विशेष ध्यान रखा गया है।

परियोजना आवंटन पत्र मिलने के बाद लाभार्थी द्वारा यूपीसीएल के साथ विद्युत क्रय अनुबंध किया जाएगा। लाभार्थी द्वारा परियेजना आवंटन पत्र, यूपीसीएल के साथ अनुबंध की प्रति, और अन्य आवश्यक अभिलेख जमा कराने के सात दिन के भीतर महाप्रबंधक, जिला उद्योग संबंधित बैंक शाखा को अग्रसारित कर देंगे। इसके 15 दिनों के भीतर बैंक शाखा से स्वीकृति या अस्वीकृति सूचना लाभार्थी को बता दी जाएगी।

### प्राथमिक शिक्षक भर्ती से स्टे हटा शिक्षामंत्री तत्काल दें नियुक्तिया

देहरादून। शिक्षा विभाग द्वारा 13 जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से द्विवर्षीय डीएलएड प्रशिक्षितों शिक्षकों का एक सूत्रीय नियुक्ति की मांग को लेकर धरना शिक्षा निदेशालय में 11वें दिन भी जारी रहा और इस अवसर पर सरकार व विभाग के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। यहां बड़ी संख्या में प्रशिक्षित बेरोजगार ननूरखेडा स्थित शिक्षा निदेशालय में इकटठा हुए और वहां पर नियुक्ति की मांग को लेकर जमकर प्रदर्शन कर धरना दिया। इस अवसर पर प्रशिक्षितों ने कहा कि हाईकोर्ट में लंबित प्राथमिक शिक्षक भर्ती से संबंधित याचिकाओं से स्टे हट गया है, लिहाजा शिक्षा मंत्री को अब अपना वादा पूरा करने की जरूरत है, क्योंकि शिक्षामंत्री ने बार– बार डायट से डीएलएड प्रशिक्षितों की नियुक्ति को विभाग की जिम्मेदारी माना है और प्रशिक्षितों का एक प्रतिनिधिमंडल लेकर अपर शिक्षा निदेशक वी एस रावत से मिला जिसमें प्रशिक्षितों द्वारा विभागीय प्रशिक्षितों को अति शीघ्र नियुक्त करने के लिए कहा। इस अवसर पर प्रशिक्षितों ने कहा कि जब तक विभाग उनकी मांगों पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं करता है और तब तक उनका धरना जारी रहेगा और आवश्यकता पड़ी तो उग्र आंदोलन भी किया जाएगा।

# 2020 पूरे विश्व के लिए चुनौतीपूर्ण वर्ष रहाः सीएम

**दीक्षांत समारोह**

■ सीएम ने हेमवती नन्दन बहुगुणा चिकित्सा शिक्षा विवि के तृतीय दीक्षांत समारोह में प्रतिभाग किया

देहरादून। **संवाददाता**



मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने पटेलनगर स्थित हेमवती नन्दन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने छात्र–छात्राओं को उपाधियां प्रदान की। विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2019–20 के कुल 922 अभ्यर्थियों को उपाधियां प्रदान की गई। इस अवसर पर संजय गांधी पी.जीआईएमएस लखनऊ के न्यूरोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष (पद्मश्री) प्रो. सुनील प्रधान, एम्स जोधपुर के निदेशक प्रो. संजीव मिश्रा, भूतपूर्व कुलपति हेमवती नन्दन बहुगुणा, उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय प्रो. सौदान सिंह एवं एम्स नई दिल्ली के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. डी.के. शर्मा को ''डी एस सी'' की मानद उपाधि दी गई। चिकित्सा क्षेत्र में श्रेष्ठ शोध पत्र के लिए डॉ. प्रियंका चौरसिया, डॉ. स्मृति, डॉ. प्रेरणा सिंह एवं डॉ. दीपिका लोहानी को प्रो. (डॉ.) एन.सी.पंत पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने हेमवती नन्दन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हेम चन्द्र द्वारा लिखी गई पुस्तक ''हेल्थ केयर डिलीवरी सिस्टम इन इंडिया'' का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री ने उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा जीवन पर्यन्त सीखने की प्रक्रिया है। इन विद्यार्थियों को अब एक नये जीवन की शुरूआत करनी है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने 06 वर्षों में राज्य में चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में कई गुणात्मक कार्य किये हैं, यह टीम वर्क का एक अच्छा उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2020 पूरे विश्व के लिए चुनौतीपूर्ण वर्ष रहा है। कोरोना महामारी ने मानव जीवन को काफी प्रभावित किया।

### 13 अक्टूबर को सचिवालय कूच करेगी एनएसयूआई

**संवाददाता** देहरादून। एनएसयूआई उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष मोहन भंडारी ने कहा है कि जल्द ही फॉरेस्ट भर्ती परीक्षा कराये जाने के लिए अभी तक किसी भी प्रकार की नीति घोषित न किये जाने के विरोध में 13 अक्टूबर को सचिवालय कूच करने की चेतावनी दी है और कहा कि एनएसयूआई इस मामले पर अपने आंदोलन को जारी रखेगी। कांग्रेस भवन में पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में लंबे समय के इंतजार के बाद हाई कोर्ट के आदेश पर इस वर्ष फरवरी में 1218 पदों पर फॉरेस्ट गार्ड भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसका पेपर उसी दिन लीक हो गया और यह परीक्षा घोटाले की भेंट चढ गई। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया, लेकिन आज सात माह बाद भी ना ही जांच रिपोर्ट सामने आई है और ना ही सरकार परीक्षा को लेकर कोई फैसला ले पा रही है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून
ही मान्य होगा।